जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान
21 फरवरी 2023

# शिवमय हुआ निमाड़

# निमाड़ अचंल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव मन्दिरों में उमड़ा जनसैलाब










औकारेश्वर- ललित दूबे/ सनावद - विवेक विद्धार्थी/ कसरावद - सुधीर सर्राफ/करही विशाल बागमार/ बलवाडा-सन्नी रायकवाड/बेडिया से राजेन्द्र नामदेव /बड़वाह से नवरत्नमल जैन

**सम्पूर्ण निमाड़ अंचल में महाशिवरात्रि का पर्व बडे ही उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। हर हर महादेव के नारों से शिवमन्दिर में गुंजायमान होते रहे। औकारेश्वर, बड़वाह , कसरावद, महेश्वर, करही आदि क्षेत्रों में भगवान शिव के दर्शन करने को जनसैलाब उमड़ पडा।**

## औकारेश्वर में 2 लाख लोगों ने किये दर्शन

ओंकारेश्वर -महाशिवरात्रि पर औकारेश्वर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने से तीर्थनगरी में पैर रखने की जगह भी नहीं बची। ओम नमः शिवाय, बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। भीड को नियंत्रण करने के लिए पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। झूला पुल से आवाजाही बंद होने से श्रद्धालुओं का पूरा दबाव जेपी चौक पर था , ऐसे में प्रशासन द्वारा पुराने पुल से श्रद्धालुओं को निर्धारित संख्या में छोड़ा जा रहा है। श्रद्धालुओं की भीड नियंत्रण के लिए मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को सुखदेव मुनि द्वार से गर्भगृह में भेजा गया। वहीं साधारण द्वार से आने वाले श्रद्धालुओं को मुख्य चांदी द्वार से अंदर प्रवेश दिया गया। शिवरात्रि पर दर्शन करने वालों की संख्या में लाखों में पहूंच गई।

## बैंड-बाजे के साथ पहुंचे साधु-संत

महाशिवरात्रि पर परंपरा अनुसार सबसे पहले संत-महात्माओं ने भगवान ज्योतिर्लिंग के दर्शन व पूजन किया। संत मंडल के महामंडलेश्वर, महंत, साधु तडके पांच बजे नर्मदाजी में स्नान के बाद ढोल और बैंड-बाजों के साथ नगर में शोभायात्रा से रूप में मंदिर पहुंचे। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित आशीष दीक्षित ने बताया कि मंदिर परिसर व गर्भगृह में फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया है। श्रद्धालुओं में महापर्व को लेकर उत्साह है।

जगमगाया शिव का आंगन-महाशिवरात्रि पर भगवान ओंकारेश्वर का मंदिर और घाटों पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। इससे रात में तीर्थ नगरी रोशनी से जगमग रही। मंदिर ट्रस्ट के सहायक कार्यपालन अधिकारी अशोक महाजन और थाना प्रभारी बलजीत शिंग बिसेन ने बताया कि पुलिस और मंदिर के कर्मचारियों के अलावा कोटवार, नगर सुरक्षा समिति सदस्यों की सेवाएं भी ली गईं। नगर सहित जेपी चौक, मंदिर मार्ग पर छह से सात स्थानों पर ड्राप लेट और प्वाइंट लगा कर भीड को नियंत्रित किया गया।

## बड़वाह हर हर महादेव के नारों से गूंजते रहे शिवालय



बड़वाह-महाशिवरात्रि का पावन पर्व शनिवार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। भोले-शंभू भोले नाथ, औम नमः शिवाय और भोले के जयकारों से शनिवार नगर गुंजायमान हो गया। सुबह भक्त शिवालयो में शिवलिंग का अभिषेक व विशेष पूजा के लिए पहुंचे थे, तो शाम को मंदिरों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया। इस अवसर पर बडी संख्या मे श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। भक्त अपने मोबाइल मे फोटो भी कैप्चर कर रहे थे।शहर के प्रसिद्ध शिव मंदिर आनदेश्वर महादेव मंदिर व नर्मदा रोड़ स्थित नटेश्वर भगवान मंदिर व नावघाट खेडी स्थित हरिओम आश्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।इसके साथ ही शिवमंदिरों में रूद्राभिषेक के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने नगर पालिका के माध्यम से शहर के प्रमुख शिवमन्दिरों की साफ सफाई, रंगाई पुताई एवं लाईटिंग कर साजसज्जा की गई। देर रात्रि तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड रही। आराध्य भगवान नागेश्वर के मन्दिर में भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार किया। नागेश्वर मंदिर परिसर में सदस्यों ने 111 क्विंटल दूध का शरबत वितरित किया। तारा नगर कॉलोनी में निर्माणाधीन मंदिर में भगवान शिव का रुद्राक्ष से भव्य श्रृंगार किया। इसी तरह प्राचीन भीमेश्वर महादेव मन्दिर, महात्मा गांधी मार्ग स्थित भीमेश्वर महादेव, आम बाजार स्थित आनन्देश्वर महादेव मंदिर, जबरेश्वर महादेव मंदिर, नटेश्वर महादेव मंदिर, हरिओम आश्रम और नगर के समस्त शिव मंदिरों में भगवान का भव्य श्रृंगार किया था। इस मौके पर सभी मंदिरों में स्थानीय भजन मंडलियों के कलाकारों ने शिव भजनों की प्रस्तुति दी। शिवालयों में दिनभर जल व दूध से अभिषेक के साथ भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की गई।रात में भजन-कीर्तन व महाआरती का आयोजन हुआ।श्रद्धालुओं ने व्रत व उपवास रखकर शिवलिंग पर बिलपत्र, धतूरा आदि चढ़ा कर सुख-समृद्धि की कामना की निवास नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में महादेव मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा महादेव को बिल्व पत्र, दुग्ध, जल से अभिषेक कर पूजा अर्चना की।मंदिरों में दिन भर भजन कीर्तन होते रहे तथा भक्तों का तांता लगा रहा।

## कसरावद में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि पर्व श्रीराम मंदिर में निकली




## शिव बारात

शनिवार को महाशिवरात्रि का पूरे क्षेत्र में भक्ति भाव और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के श्रीराम मंदिर में भगवान शिव की बारात निकाली गई। शनिवार को महाशिवरात्रि पर सुबह से ही नर्मदा तटो पर भक्तो की भीड़ उमड़ने लग गई थी। नर्मदा किनारे स्थित ग्राम नावड़ाटोडी में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में डुबकी लगाकर भगवान शालीवाहन के दर्शन किए। इस अवसर पर जगह जगह साबूदाने की खिचड़ी प्रसादी एवम शकरकंद के हलवे की प्रसादी का वितरण किया गया। नगर के श्रीराम मंदिर में महिला मंडल ने भगवान शिव के विवाह उत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमे शुक्रवार को हल्दी रस्म, खल माटी एवम हल्दी रस्म की गई। महिलाओ ने भगवान शिव को हल्दी लगाकर नृत्य किया। शनिवार को भगवान को दूल्हे राजा के रूप में सजाया गया। धूमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात श्रीराम मंदिर से शुरू हुई जिसमे छोटे छोटे बच्चे भूत बनकर नाच रहे थे। बालक को शिव के रूप में सजाकर घोड़े पर बिठाया गया। बारात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन मंदिर पहुंची। महिलाओ ने शिव बारात में जमकर नृत्य किया इसके पश्चात महाप्रसादी वितरित की गई।

## हलवा ओर खिचड़ी प्रसादी का हुआ वितरण -

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रदालुओ के लिए नगर में हलवा एवम साबूदाने की खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया नगर के इंदौर रोड स्थित नाके पर अमित कवाड़, गौरव कुशवाह,अर्पित टोनू सोनी, आदि ने शकरकंद के हलवे की प्रसादी की व्यवस्था भक्तो के लिए की। वही विजय स्तंभ चौराहे पर नवीन बारचे मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साबूदाने की खिचड़ी की प्रसादी वितरित की गई। नवीन बारचे ने बताया की विगत 22 वर्ष से महाशिवरात्रि पर भक्तो के लिए साबूदाने की खिचड़ी प्रसादी की व्यवस्था की जा रही हे। इस वर्ष भी 12 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी बाटी गई।

## साई मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा, तीन दिवसीय हुआ आयोजन।

महाशिवरात्रि पर कसरावद नगर के खरगोन रोड़ पर स्थित साई मंदिर में श्री साई मंदिर सेवा समिति द्वारा भगवान शिव परिवार एवम भिलट देव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शिव परिवार एवम भिलट देव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर ने तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। 16 फरवरी से आयोजन की शुरुआत हुई। तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 16 फरवरी गुरुवार को पंचांग कर्म एवम जलाधिवास

17 फरवरी शुक्रवार को अग्नि स्थापन,मंडल पूजन एवम अन्नाधिवास हुआ। 18 फरवरी शनिवार महाशिरात्रि पर प्रातः 8 बजे से हवन पूजन हुआ। इसके पश्चात हवन की पूर्णाहुती एवम दोपहर 12। बजे श्री शिव परिवार एवम नाग देवता मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके पश्चात महाआरती एवम महाप्रसादी भोग वितरण किया गया।

## करही में 50 ढोल, 5 डीजे, 5 झांकियों के साथ राजकीय ठाठ से नगर का हाल जानने निकलें बाबा गंगेश्वर महादेव




महाशिवरात्रि के पर्व पर करही के राजा धीराज श्रीगंगेश्वर महादेव राजकीय ठाठ से नगर का हाल जानने पालकी में विराजित होकर मंडी परिसर स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से शाम 6 बजे नगर भ्रमण पर निकले इस डोले में 50 ढोल, 5 डीजे, 5 झांकियों सैकड़ों भक्त शामिल हुए।

नगर के मंडी परिसर में गुप्तेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर। वहा से पालकी में गंगेश्वर महादेव विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले जहा जगह सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत रखा गया ल बाबा की पालकी के साथ भूतों की बरात, पांच चलित झांकियां जिसमें भगवान श्रीराम दरबार, हनुमान, बाबा महाकाल, खाटू श्याम की झांकी शामिल हुई साथ ही झाबुआ के प्रसिद्ध आदिवासी कालाकारों आदिवासी लोक नृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बना। नगर के मुख्य मार्ग होते हुए बाबा रात 11 बजे अपने निवास गंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचें। बाबा 5 घंटे तक नगर के श्रद्धालुओं के बीच रहें। वही मंदिर में पहुंचकर बाबा का दुग्ध अभिषेक साथ ही छप्पन भोग लगाकर बाबा की महाआरती की गई जैसे जैसे डोला आगे बढ़ते जा रहा था उसकी विशालता भव्य रूप लेती जा रही थी।

## महेश्वर में महाशिवरात्रि पर अहिल्या घाट पर बरसा शिव भक्ति रस

महेश्वर-जब-जब महेश्वर स्थित माँ अहिल्या घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होता है। तब तब यहाँ संस्कृति और पर्यटन का एक अद्भुत समावेश होता है। इस बार महाशिवरात्रि की संध्या पर पहली बार संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा ऐसे ही एक अलौकिक भक्ति गायन, नृत्य और संगीत स्वर के सजे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर और कलेक्टर श्री शिवराज सिंह वर्मा ने किया। नर्मदा तट पर पर्यटन नगरी में धर्म और भक्ति की अद्भुत छटा बिखरी। इस छटा का पर्यटक और नगर वासियों ने रसपान किया। कलाकार अर्चना कुमार और उनके साथियों में शिव भक्ति पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति ने सबको नर्मदा किनारे ठंडी हवा के झोंको के साथ आध्यात्मिकता का अहसास कराया। इनके अलावा सागर के दिलीप सन्देला और साथियों ने लोकगायन प्रस्तुत किया। लोकगायन और संगीत स्वर की लहरियां जैसे नर्मदा के जल से अटखेलियां कर कर्णप्रिय जादू श्रोताओं के कानों से सीधे दिल की गहराइयों में उतर गया हो। इसी तरह संजय द्वेवेदी व कलाकारों ने भी भक्ति संगीत से सबको भाव विभोर किया। इस दौरान एसडीएम श्री अग्रिम कुमार व पूर्व विधायक श्री भूपेन्द्र आर्य अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद रहे।

## बैलगाडी पर निकली भोले की बारात झुम के नाचे बाराती




बैडिया। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बैडिया नगर मे पहली बार बाबा भोलेनाथ की बारात प्राचीन शिव मंदिर शिवालय गुर्जर मोहल्ले से पुजन के बाद बैल गाडी छक? पर बारातियों के साथ बे? बाजे डी जे ढोल ताशे के साथ निकली जिसमे युवा डी जे साऊंड पर बज रहे भजनो पर झुमते नाचे नजर आयो जो चांदनी चोक गणेश मंदिर पटेल चोक मेन चोराहा बस स्टेशन होते पुरानी मिर्च मण्डी क्षेत्र स्थित मन कामनेश्वर महादेव मंदिर पहुंची यहा बारातियों का स्वागत समपर्ण संघटन एव राधे राधे मीत्र मंडल के चेतन राठौर रवी वर्मा श्याम राठौर बिरजु वर्मा जितेन्द्र भाटिया पुनमचन्द कर्मा धर्मेंद्र भाटिया राजु राठौर युवराज चोहान हेमराज चौहान संजय पाठक राकेश वर्मा व्दारा बारातियों का फुलो एव फरीयाली से स्वागत कीया गया एव भोलेनाथ बने नमन गावशिन्दे व्दारा पार्वती बनी पुजा गावशिन्दे का वर माला पहना कर ब्याह रचाया बाद बारात वापस शिवालय गुर्जर मोहल्ला पहुची यहा प्रसादी वितरण कर समापन कीया ईस अवसर पर यशवंत चोधरी दीलिप बीरला मेडिकल चरणदास पटेल यशवंत पटेल जगदीश पटेल जयराम पटल्या सिध्दार्थ उपाध्याय लोकेन्द्रसिंह चौहान सहीत बढी संख्या धर्म प्रेमी जनता उपस्थित थी

## धूमधाम से निकली शिव बारात, जमकर झूमे शिवभक्त




बलवाड़ा - महाशिवरात्रि पर जब पूरे नगर में भोलेनाथ अपनी बारात लेकर निकले तो हर श्रद्धालु उत्साहित नजर आया। शिव बरात का खूबसूरत नजारा देख हर कोई भोले भंडारी का दीवाना हो गया।भगवान शंकर की बारात बडे ही धूमधाम से डीजे और ढोलक के साथ निकाली गई। भोलेनाथ की बरात देखने के लिए भारी संख्या में बच्चे-बजुर्ग, महिलाएं और पुरुष उम? प?। भोले की मस्ती में मस्त शिव भक्तों ने भी डीजे के भक्ति गीतों पर जमकर धमाल मचाया। शिव भक्त डीजे की धुन पर जमकर झूमे।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337